प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 01.09.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

1-गैंगस्टर एक्ट का 01 अभियुक्त गिरफ्तार,थाना मूंढापाण्डेः-

अवगत कराना है दिनांक 23-08-2023 को थानाध्यक्ष मूंढापाण्डे ने अभि0गण द्वारा गौवंशीय पशुओं का वध कर, गौमांस की तस्करी से अवैध रूप से आर्थिक, भौतिक लाभ कमाने के सम्बन्ध मे थाना मूंढापाण्डे पर मु0अ0सं0-232/23 धारा-3(1) गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया। उक्त संबंध में आज दिनांक 01-09-2023 को उ0नि0 श्री विजय पाठक थाना मूंढापाण्डे द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त इन्तजार अली पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम चकफेरी थाना सैफनी,रामपुर को गिरफ्तार किया गया।

2-थाना मझौला क्षेत्रांतर्गत अनुज चौधरी की हत्या में फरार 25 हजार रूपये के ईनामी अभियुक्त को थाना मझोला पुलिस ने किया गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से दो मोबाईल फोन व एक कार बरामद।

अवगत कराना है कि थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 10.08.2023 को कुछ लोगों द्वारा षड्यंत्र रचकर शातिर शूटरों से पार्श्वनाथ प्रतिभा अपार्टमेन्ट में अनुज चौधरी की गोली मारकर हत्या करवा दी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 598/23 धारा- 302/307/120 बी भादवि बनाम 1. अमित कुमार पुत्र विजयपाल सिंह 2. पुष्पेन्द्र पुत्र जनम सिंह निवासीगण भवालपुर थाना ऐचौडा कम्बोह जनपद सम्भल 3. अनिकेत पुत्र प्रभाकर 4. प्रभाकर पुत्र नामालूम निवासीगण हाजीबेडा थाना ऐचौडा कम्बोह जनपद सम्भल व 5. अन्य अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए **पूर्व में 06 अभियुक्तों** को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त घटना में शामिल अन्य अभियुक्तगण की तलाश थाना मझोला पुलिस द्वारा की जा रही है,उक्त संबंध मे विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्यों के आधार पर आज दिनांक 01-09-2023 को थाना मझोला पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित 25 हजार रूपये के ईनामी अभियुक्त **अमित कुमार पुत्र विजयपाल सिंह निवासी भवालपुर वांसली थाना एचोड़ा कम्बोह,सम्भल हाल निवासी**

सैक्टर 4ए / 326 बुद्धि बिहार थाना मझोला,मुरादाबाद को जीरो पाईन्ट के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक कार वैगन आर संख्या UP21CJ8487 व 02 मोबाईल बरामद किये गये।

पूछताछ का विवरण-

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि अनुज चौधरी ने सन 2020 में जिला पंचायत चुनाव को लेकर थाना रजबपुर क्षेत्र अमरोहा में मेरे छोटे भाई मोहित चौधरी पर जान से मारने की नियत से फायर कराये थे ,जिसमें मेरा भाई बच गया था,परन्तु मेरे भाई की एक आँख खराब हो गयी थी। उसी समय से मैंने अनुज चौधरी से बदला लेने की कसम खाई थी। अनिकेत की माँ वर्तमान मे असमौली क्षेत्र से ब्लॉक प्रमुख है। अनुज चौधरी ब्लाक प्रमुख के वर्ष 2021 मे चुनाव में अनिकेत की माँ से चुनाव हार गया था, जिससे अनुज चौधरी बार-बार अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा था। तथा बार- बार खुरापात करता जा रहा था। जिससे अनिकेत और उसके पिताजी भी परेशान हो गये थे, इसी कारण अनिकेत की अनुज चौधरी से दुश्मनी बढती चली गयी । अनिकेत मेरा करीबी था तो मैने और अनिकेत ने अनुज चौधरी को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। इसके बाद मैंने ,अनिकेत व प्रभाकर एवंम पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ भूरा और मेरे दोस्त नीरज पाल ने मिलकर अनुज चौधरी की हत्या कराने की योजना बनायी। घटना से पहले मैं और पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ भूरा, नीरज पाल व अनिकेत ने तीन शूटरो सूर्यकान्त शर्मा उर्फ शानू, सुशील शर्मा उर्फ गोलू,आकाश उर्फ गटुवा से मिलकर अनुज चौधरी को मारने के लिए सारी बाते बताई ।

इस योजना मे अनुज चौधरी को रास्ते से हटाने का पूरा ठेका 30 लाख रुपये में तय हुआ था। योजना के अनुसार दिनांक 10.08.2023 को शूटर सूर्यकान्त शर्मा उर्फ शानू, आकाश उर्फ गटूवा व सुशील उर्फ गोलू ने पार्श्वनाथ सोशायटी मे अनुज चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जब मुझे पता चला कि इन लोगो ने अनुज चौधरी का काम तमाम कर दिया है तो पुलिस के डर से मै भी इधर उधर छिपता हुआ घूम रहा था। आज दिनांक 01.09.2023 को मैं अपने वकील से बात करने के लिए मुरादाबाद जा रहा था जीरो प्वाईंट के पास में मुझे पुलिस ने पकङ लिया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -

अमित कुमार पुत्र विजयपाल सिंह निवासी भवालपुर वांसली थाना एचोड़ा कम्बोह जनपद सम्भल हाल निवासी सैक्टर 4ए/ 326 बुद्धि बिहार थाना मझोला जिला मुरादाबाद ।

बरामदगी का विवरण -

1. एक वैगन आर कार
2. दो मोबाईल फोन ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तः-

1.मु0अ0सं0-220/22 धारा-323/324/504/506 भादवि थाना एचोङा कम्बोह, सम्भल ।

2. मु0अ0सं0-02/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ऐचोङा कम्बोह, सम्भल।

3.मु0अ0सं0-598/23 धारा-302/307/120 बी भादवि थाना मझोला, मुरादाबाद।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. निरीक्षक अपराध श्री सतीश शर्मा थाना मझोला, मुरादाबाद।
2. का0 राहुल अहलावत थाना मझोला, मुरादाबाद।
3. का0 मोनू कुमार थाना मझोला, मुरादाबाद।
4. का0 कुलदीप कुमार थाना मझोला, मुरादाबाद